# कार्यवाही विवरण

M/s Radiant Coal Benefication Private Limited, Baloda, Tehsil-Baloda, District-Janjgir-Champa (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Median Cyclone from -0.90MTPA to 2.5MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **दिनांक 26/07/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थानः–शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बगल में शासकीय भूमि ग्राम–महुदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार M/s Radiant Coal Benefication Private Limited, Baloda, Tehsil-Baloda, District-Janjgir-Champa (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Median Cyclone from -0.90MTPA to 2.5MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिपेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र हरिभूमि, बिलासपुर में दिनांक 25.06.2023 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 25.06.2023 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 26/07/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थानः–शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बगल में शासकीय भूमि ग्राम–महुदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा, जिला–जांजगीर–चांपा, महाप्रबंधक, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा, जिला–जांजगीर–चांपा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बलौदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, **सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत– कटरा, बिरगहनी, भिलाई, महुदा, जुनाडिह, डोंगरी, चारपारा, नवापारा (ब) जनपद पंचायत/तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.),** डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर,

रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित **तिथि 26/07/2023 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थानः–शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बगल में शासकीय भूमि ग्राम–महुदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री एस.पी.वैद्य अपर कलेक्टर, कार्याल कलेक्टर जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ श्री देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से उद्योग प्रतिनिधि **श्री के.के. तिवारी,** के द्वारा **M/s Radiant Coal Benefication Private Limited, Baloda, Tehsil-Baloda, District-Janjgir-Champa (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Median Cyclone from - 0.90MTPA to 2.5MTPA** परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अपर कलेक्टर कार्यालय कलेक्टर, जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री कबीरदास महंत, ग्राम–बलौदा** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, बलौदा के द्वारा क्षमता विस्तार किया जा रहा है। उसमें ही, निश्चित ही, हम सभी के यहां आसपास के जो बेरोजगार युवक है, उनको रोजगार मिलेगा। रोजगार के लिए हम जो बाहर जाते है, बाहर नहीं जाना पडेगा। यही पास में ही रोजगार मिलेगा। इससे बेनिफिट मिलेगा, इससे दूर नहीं जाना पडेगा। मैं इस जन सुनवाई

का तहे दिल से समर्थन करता हूॅ। रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड का तहे दिल से स्वागत करता हूॅ।

2. **श्री नंदलाल आदित्य, ग्राम–बलौदा** :– मैं यहां होने वाले रेडियंट कोल का क्षमता विस्तार का समर्थन करता हूॅ। हम गांव के सभी लोगों को रोजगार मिले। लोगों का पलायन रूक सके और पर्यावरण का संपूर्ण विकास हो सके।

3. **श्री आनंदराम सांडे, ग्राम–बिरगहनी** : – मैं अपनी ओर से प्लांट खुलने का पूर्ण सहमत हूॅ।

4. **श्री अशोक कुमार यादव, ग्राम–महुदा** :– हमारे गांव में रेडियंट कोल का निर्माण हुआ, जिसका केपिसिटी 0.90 से 2.5 किया जा रहा है। इसे हम लोगों को रोजगार मिलेगा, इसका मैं समर्थन करता हूॅ।

5. **श्री जीवन लाल जांगडे, ग्राम–भिलाई** :– कोल वॉशरी का क्षमता विस्तार बढाने का समर्थन देता हूॅ।

6. **श्री उपेन्द्र आदित्य** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन स्टाट हो रहा है, उसके समर्थन में है।

7. **श्री कृष्ण कुमार साहू, ग्राम–बलौदा** :– मैं कोल वॉशरी विस्तार क्षमता का समर्थन करता हूॅ।

8. **श्री आकाश शुक्ला, ग्राम–बलौदा** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड भंडारण क्षमता का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

9. **श्री ओम प्रकाश पाटले, ग्राम–चारपारा** :– मैं कोल भंडारण के क्षमता को बढाने के लिए समर्थन करता हूॅ।

10. **श्री सरोज दास महंत, ग्राम–जांजगीर** :– रेडियंट कोल क्षमता का समर्थन करता हूॅ।

11. **श्री विरेन्द्र सिंह चौहान, ग्राम–बलौदा** :– रेडियंट कोल का समर्थन करता हूॅ। क्षमता विस्तार उसका बढाया जाये।

12. **श्री रूप सिंह, ग्राम–बलौदा** :– रेडियंट कोल का जो विस्तार हो रहा है उसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ। इससे गांव में गरीबी दूर होगी। पलायन रूकेगा और मैं पर्यावरण का अच्छे से ध्यान दे।

13. **श्री प्रकाश सोनी, ग्राम–बलौदा** :– मैं रेडियंट कोल के क्षमता विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

14. **श्री विनोद कुमार, ग्राम–बलौदा** :– मैं रेडियंट कोल का, जनसुनवाई का, फूल समर्थन करता हूॅ।

15. **श्री विजेन्द्र कुमार, ग्राम–बलौदा** :– बलौदा कोल भंडारण क्षमता का सहमत हूॅ। जिससे आसपास के बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा।

16. **श्री विनोद पटेल, ग्राम–चारपारा** :– मैं इस जन सनुवाई का समर्थन करता हैं।

17. **श्री सुखरन, ग्राम–बलौदा** :– जन सुनवाई से सहमत हूॅ।

18. **श्री राजेन्द्र रात्रे, ग्राम–बिरगहनी** :– कोल वॉशरी का मैं समर्थन करता हूॅ।

19. **श्री दुर्गेश कुमार लहरे, ग्राम–बुडगहन** :– जिस प्रकार संचालक हमारे पर्यावरण को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे है, इस कार्य को हम पूर्ण समर्थन करते है।

20. **कुमारी निशा यादव, ग्राम–महुदा** :– कोल वॉशरी का काम शुरू होना चाहिए। बेरोजगार को रोजगार मिलना चाहिए।

21. **श्री शैलेष शर्मा** :– इस जन सुनवाई का पूरी तरह से समर्थन करता हूॅ।

22. **श्री सुनील राव, ग्राम–बलौदा** :– इस जन सुनवाई का मैं समर्थन करता हूॅ।

23. **श्रीमती शीतल बाई, ग्राम–महुदा** :–जन सुनवाई को समर्थन करती हूॅ।

24. **श्री राहुल पात्रे** :– इस जन सुनवाई का, पूरी तरह से सहमत करता हूॅ

25. **श्री सूरज कुमार, ग्राम–बुडगहन** :–जन सुनवाई का फूल सहमत हूॅ।

26. **श्री सुनील कुमार यादव, ग्राम–बलौदा** :– कोल वॉशरी की जन सुनवाई में समर्थन करता हूॅ।

27. **श्री राजकुमार** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

28. **श्री गंगाराम मरावी** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

29. **श्री संजय कुमार** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

30. **श्री करन कुमार** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

31. **श्री ओम प्रकाश कुर्रे** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन का क्षमता विस्तार का पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

32. **श्री यादव, ग्राम–बिरगहनी** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

33. **श्री लक्ष्मी प्रसाद , ग्राम–बिरगहनी (ब)** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

34. **श्री अमृत लाल यादव, ग्राम–बिरगहनी** :– मैं इस कोल वॉशरी से आग्रह करना चाहता हूॅ। हमारे गांव 2 –3 कि.मी. प्लांट की दूरी पर है । मैं प्रबंधक महोदय से अनुरोध करना चाहता हूॅ कि हमारे गांव में सीएसआर मद की राशि को बढाकर, पर्यावरण का ध्यान दे, मैं इसका समर्थन करता हूॅ।

35. **श्री उत्तम कुमार, ग्राम–बिरगहनी** :– मैं इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

36. **श्री सुरेश, ग्राम–बलौदा** :– समर्थन करता हूॅ।

37. **श्री नरेश कुमार, ग्राम–बलौदा** :– इस कोल वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

38. **श्री तरूण देवांगन, ग्राम–बलौदा** :– इस कोल वॉशरी का विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

39. **श्रीमती शकुंतला कुम्भकर, ग्राम–जांजगीर–चांपा** :– गांव के बेरोजगार लोगो को रोजगार मिले, इसके लिए मैं समर्थन करती हूॅ।

40. **श्री सुनील कुमार डहिरे, ग्राम–बलौदा** :– पूर्ण रूप से समर्थन है।

41. **श्री मनसाराम कुर्रे, ग्राम–बलौदा** :–समर्थन करता हूॅ।

42. **श्री आकाश कुमार, ग्राम–चारपारा** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

43. **श्री खिलावन प्रसाद कोसले, ग्राम–बुडगहन** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

44. **श्री सुरेश यादव, ग्राम–भिलाई** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

45. **श्री रानीस कुमार** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

46. **श्री सुरेश कुमार** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

47. **श्री जीवन लाल** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

48. **श्रीमती दुर्गाबाई** :– कोल वॉशरी का समर्थन करती हूॅ

49. **श्री धीरेन्द्र कुमार जांगडे** :– कोल वॉशरी का क्षमता बढाने के लिए समर्थन करता हूॅ।

50. **श्री शैलेष कुमार डहरे, ग्राम–खरौद** :– इस रेडियंट कोल को क्षमता विस्तार के लिए अपना समर्थन देता हूॅ। विकास होगा, तो रोजगार बढेगा।

51. **श्री सुभाष गोस्वामी, ग्राम–चारपारा** :– कोल वॉशरी द्वारा हमारे स्कूल के बाउण्ड्री के लिए 10 लाख रूपया सहायता दिया गया है, धन्यवाद देता हूॅ। कुछ लोगों को रोजगार भी दिया गया है, ये जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

52. **श्री प्रमोद कुमार रजक, ग्राम–बलौदा** :– मैं इस रेडियंट कोल के केपिसिटी 0.90 एमटीपी से 2.5 एमटीपीए बढाने का समर्थन करता हूॅ। हमारे बलौदा गांव के जितने भी बेरोजगार युवाए है, उसको रोजगार मिलेगा। इससे कोल वॉशरी से बहुत सारी सुविधाए मिलेंगी व विकास होगा। विकास का आवागमन हो जायेगा। इस कोल वॉशरी का पूर्ण समर्थन करता हूॅ। हमारे ग्राम बलौदा वासियों को बेरोजगारो को रोजगार मिले। नई–नई विकास कार्य होंगे।

53. **श्री सदन यादव, ग्राम—भिलाई, सरपंच** :— कोल वॉशरी खुलने से क्षेत्र का विकास होता है, कोल वॉशरी खुलना चाहिए। लेकिन इस क्षेत्र के बेरोजगारो लोगों को रोजगार देना चाहिए। क्षेत्र में प्रदूषण ज्यादा बढ रहे हैं। उसके रोकथाम के लिए भी काम करें, सीएसआर का पैसा होता है, उसमें प्रभावित गांव को विशेष रूप से दिया जाये, भेलाई, बिरगहनी, महुदा एवं बलौदा इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा कोल वॉशरी है। इस क्षेत्र में कोल वॉशरी के माध्यम से सीएसआर का पैसा कलेक्ट्रेट में जमा कर देते है, हमें वॉशरी के द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष के लिए 4 लाख दिये है। हमारे इस क्षेत्र के पंचायत प्रभावित है, उसे विशेषकर सीएसआर प्रदान करें। पर्यावरण पर विशेष ध्यान दे।

54. **श्री कृष्ण कुमार लहरे, ग्राम—बलौदा** :— हमारे यहां से लगातार 10 साल से क्लीन कोल संचालित है। हमारे आसपास के जितने भी बेरोजगार युवा है। सब लोगों को यहां रोजगार मिल जाये। आसपास के ग्रामों को सीएसआर मद से काम मिल रहा है। इनका नया नाम है रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड है, हम उम्मीद करते है जैसे इनका नाम चेंज हो रहा है। हमारे क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। हमारे एरिया का जो बेरोजगार युवाए है उनको रोजगार मिलेगा।

55. **श्री कृष्णा यादव, ग्राम—बलौदा** :— जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

56. **श्री उदय सिंह, ग्राम—सोंठी** :—कोल बेनिफिकेशन कंपनी का क्षमता विस्तार बढाया जा रहा है। जिसमें नवयुवक साथियों को रोजगार मिला है, साथ ही साथ आसपास के जो गांव है, उनमें से बहुत लोग को रोजगार मिला है। ये बहुत अच्छा कदम उठाया हैं कंपनी। तहे दिल से अभारी है।

57. **श्री तुलसी दास महंत, ग्राम—बलौदा** :— कोल वॉशरी का पूर्ण रूप से स्वागत करता हूॅ।

58. **श्री राजेन्द्र कुमार यादव, ग्राम—बलौदा :**— हम हिन्द कोल में काम करते है। लोक सुनवाई में हम समर्थन है।

59. **श्री जगदीश जाटवर, ग्राम—बिरगहनी** :— मेरा गांव बिरगहनी है। आज से 10—20 साल पहले बिरगहनी गरीब गांव में नाम से गिना जाता है, आसपास के लोग इस गांव को लकडीहारा के नाम से जानते थे, लेकिन जबसे ये वॉशरी खुला है। तिवारी जी ये गांव को उबार सकते है, ये गांव का भविष्य आप बना सकते है, इस गांव के लोगों को सबसे ज्यादा काम दीजिए। आज मेरे गांव में मंच में, ये वॉशरी की देन

है। ये वॉशरी अपनी संपत्ति को बढाता है। अपनी संस्था को बढाने का, अपनी संपत्ति को बढाने का। ये संपत्ति बढ रहा है मेरा पूर्ण समर्थन है और मैं आशा करता हॅू बेरोजगारो को काम दे। उन लोगों को भी काम दिया जाये, ताकि वो बेरोजगार न रहें। लोगों को काम दिया, रोटी दिया। गांव की उन्नति होगी। इस वॉशरी का पूर्ण समर्थन करता हॅू।

60. **श्री अरविंद कुमार, ग्राम–जावलपुर** :– मैं सुने हव की बलौदा मा रेडियंट कोल के विस्तार होवत हे। मैं आये हव, पढे लिखे हव, सोचे हव कि मोला ये कंपनी मा काम मिल जाही। जिस उद्देश्य से आये हव आशा करत हव की काम मिल जाये कंपनी मा। इस कोल वॉशरी के विस्तार के पूर्ण समर्थन करत हव।

61. **श्री प्रेमचंद देवांगन, ग्राम–बलौदा** :– जन सुनवाई का पूर्ण रूप से समर्थन करता हॅू।

62. **श्री संजय रात्रे, ग्राम–बलौदा** :– मैं रेडियंट कोल वॉशरी का क्षमता विस्तार का पूर्ण रूप से समर्थन करता हॅू।

63. **श्री गोविंद प्रसाद साहू, ग्राम–जावलपुर** :– इस जन सुनवाई में पूर्ण रूप से समर्थन करता हॅू हमें रोजगार मिलना चाहिए।

64. **श्री कान्ती कुमार यादव, ग्राम–जावलपुर** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हॅू।

65. **श्री रामेश्वर सिंह कंवर** :– मैं कोल वॉशरी का समर्थन करता हॅू।

66. **श्री सिदार** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हॅू।

67. **श्री गुलाबचंद्र, ग्राम–बलौदा** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हॅू।

68. **श्री नेताम, ग्राम–बछौद** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हॅू।

69. **श्री ताम्रकुमार लहरे** :– कोल वॉशरी जन सुनवाई का समर्थन करता हॅू।

70. **श्री ओम प्रकाश पटेल** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हॅू।

71. **श्री मनोज कुमार सांडीकर** :– ये जन सुनवाई में विस्तार का समर्थन करता हॅू।

72. **श्री बसंत कुमार कुम्भकार, ग्राम–महुदा** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। हमारे महुदा गांव के युवाओं और महिलाओं के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

73. **श्री श्यामहंस, ग्राम–बलौदा** :– मैं विस्तार का समर्थन करता हूॅ, काम मिलना चाहिए।

74. **श्री कादिर खान, ग्राम–बलौदा** :– विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

75. **श्री जमाल कुरैशी, ग्राम–बलौदा** :– क्षमता विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

76. **श्री सुरेन्द्र कुमार गौतम, ग्राम–जैजैपुर** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्रा. लि. की क्षमता विस्तार को पूर्ण समर्थन करता हूॅ। कंपनी प्रबंधन से अनुरोध करता हूॅ बेरोजगरो को रोजगार दे।

77. **श्री कन्हैया लाल कुर्रे, ग्राम–बेलटुकरी** :– इस कोल वॉशरी विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

78. **श्री दिलेश कुमार सिंह ठाकुर, ग्राम–सोंठी** :– इस कोल वॉशरी विस्तार का समर्थन करता हूॅ।

79. **श्री उत्तम कुमार साहू, ग्राम–जांजगीर** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ। सभी बेरोजगार साथियों को रोजगार मिले। आसपास में पर्यावरण का व्यवस्था हो। रोड का सुविधा दे।

80. **श्री हसन कुरैशी, ग्राम बलौदा** :– अच्छा बात है, हिन्द वॉशरी केपिसिटी बढा रहे है। पहले भी बहुत रोजगार दिये है, बलौदा में हिन्द कोल वॉशरी, और खुलने से और रोजगार मिलेगा हमारे बलौदा के बेरोजगार युवाओं को। धन्यवाद देना चाहता हूॅ हिन्द कोल वॉशरी को रोजगार देने की कृपा करें और मैं समर्थन करता हूॅ इस कोल वॉशरी का।

81. **श्री करन सिंह राठौर, ग्राम–जांजगीर–चांपा** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

82. **श्री रूपेन्द्र कुमार बंजारे, ग्राम–खडगाबहरा** :– मैं इसमें समर्थन देता हूॅ।

83. **श्री मनोज कुमार, ग्राम–बलौदा** :– इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

84. **श्री सचिन कुमार शुक्ला, ग्राम–महुदा** :– हिन्द कोल वॉशरी अभी एक्स्ट्रेंशन करे हे। ओखर मैं समर्थन करत हव। साथ ही हिन्द कोल वॉशरी के मैनेमेंट ला ये भी ध्यान आकर्षित करना चाहत हव, हमारे प्रभावित गांव मा मुख्य–मुख्य कार्य हे। लीलागर नदी के निर्माण कार्य के पानी, वृक्षारोपण के कार्यक्रम ला भी प्राथमिकता देवय। ओखर समर्थन मा व्यक्तव देवत हव। हिन्द कोल वॉशरी के मैनेजमेंट ला मैं धन्यवाद देवत हव।

85. **श्री कालिका प्रसाद, ग्राम–चंदनिया** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

86. **श्री संजय कुमार रात्रे** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

87. **श्री नूतन पटेल** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

88. **श्री मणिशंकर राठौर, ग्राम–बुडगहन** :– समर्थन करता हूॅ।

89. **श्री  भवानी प्रसाद पटेल, ग्राम–महुदा** :– इस कोल वॉशरी के विस्तार के लिए मैं समर्थन करता हूॅ। महुदा के बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की कृपा करें।

90. **श्री संजू कुमार पाटील, ग्राम–खोडगाबहरा** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

91. **श्री  दीपक आनंद, ग्राम–खोडगाबहरा** :– मैं कोल वॉशरी को पूर्ण रूप से समर्थन देता हूॅ।

92. **श्री रत्नाकर, ग्राम–बलौदा** :– इस कोल वॉशरी को पूरा समर्थन है क्षमता बढाने में।

93. **श्री मनहरण दास वैष्णव, ग्राम–महुदा** :– कोल वॉशरी का समर्थन कर रहा हूॅ। महुदा, लीलागार नदी से पानी होना बहुत जरूरी है और बेरोजगारो को रोजगार मिलना चाहिए।

94. **श्री अनिल शुक्ला, ग्राम–महुदा** :– हिन्द वॉशरी विस्तार के लिए, आज ये जन सुनवाई रखे हे। बहुत अच्छा बात है विस्तार होये। ये क्षेत्र के आसपास के जनता मन ला रोजगार मिले। बाहर से आकर रोजगार देवत, हे ऐखर हम विरोध करत हन। ये क्षेत्र मा कोई नया वॉशरी खुलही ओखर पुरजोर विरोध करबो। पिछले बार

भी नया वॉशरी खुलने नहीं दिये रहेन। वो 10 बार सोच के आही। वॉशरी के आसपास जो प्रभावित ग्राम व गांव मा वॉशरी के तरफ से 25–25 लाख अनुदान देवय, अतका मैं मांग रखत हव। ओखर से घोषणा करवा देवा तभी हमें खुशी होही।

95. **श्री कृष्ण कुमार नारंग, ग्राम–खडगाबहरा बलौदा** :– जिस कोल वॉशरी का 0.90 पाइंट है। ओला बढावत हे 2.5 बढावत हे, सब समर्थन करत है लेकिन मैं घोर विरोध करत हव। मोर जमीन किनारे मा हवय, जाकर देख ले, धान के रंग हरा होथे, लेकिन मोर धान के रंग काला हो गये हे, ओला जा के देख ले। 50 साल हो गये मैं बलौदा के आदमी ला नहीं चिन सकव। मोर गांव ला, कहे लेथे गोद नामा मा। एक आना के आज तक कोई मदद नहीं करे हे, आज तक। एक्के मदद करे हे। और कहत हे रोजगार मिलही। कोल वॉशरी खोलही 9 महीना काम करे हव। 500 गाडी चलत हे तो 1000 गाडी चलही भैया मोर, तुमन जेला समर्थन करत हव तेला, 1 किलो धूल उडाही, तुमन ला पता हे। जेमन समर्थन करत हव तेमन ला कहत हव। अभी तो कमा लेबे, आगे चलके क्या होही, तोर लईका के। तोर सांस भरही, नई तो क्या करही, तोला दमा के बीमारी होही, खांसी आईही। तै तो मर जाबे तोर लाश पडे होही। वो वॉशरी के अंदर पांच मंजिला इमारत बनाओ। अपन पूरा परिवार ला रखे 01 महीना। ओखर बार्डर मा मोर 3 एकड जमीन लगे हे। वो जमीन ला छोड देहू। ओखर परिवार रहे वहां। गांव मा मै ही एक ठन विरोध करत हव।

96. **श्री आनंद शर्मा, ग्राम–भिलाई** :– मेरे गांव में हिन्द कोल वॉशरी खुला है, भिलाई के बार्डर में हिन्द वॉशरी स्थापित है, मैं भिलाई गांव का आदमी हूॅ, आपको बधाई है, अपना समर्थन हुआ है, ये जन सुनवाई महुदा में हो रहा है, ये जो प्लांट है, ये प्लांट बलौदा में है, भिलाई से लगा हुआ है। कुछ बाते मेरी क्लीन कोल वॉशरी के सामने रखना चाहता हूॅ। अपना प्लांट बढाये, रोजगार दे रहे है अच्छी बात है, आप गिने चुने व्यक्तियों को ही रोजगार देंगे। बाहर–बाहर से बुला के भर देंगे, ऐसा भी मत करियेगा। लोकल आदमी को रखने से पहले ये कहां जाता है, लोकल आदमी को 8–10 हजार का नौकरी देते है। यहां से साल–देड साल बाद ट्रांसफर कराकर भेज देंगे। मैं ये कहना चाहता हूॅ कि, महुदा में आप जन सुनवाई करा रहे है। आपको महुदा समर्थन दे रही है। आप ने कितने लोगों को मौका दिया है, कि आप नौकरी देंगे। इस बात को स्पष्ट कीजियेगा। आप लोग जनसुनवाई करा रहे है वॉशरी खोलेंगे, काम बढायेंगे, गाडी चलायेंगे। आप लोग को जानकारी है कि भिलाई के कितने लोगों को कैंसर हुआ है, कितने लोगों को टी.वी. हुआ है, रिपोर्ट निकाले है क्या आपको जानकारी होगी। आप लोग भी सावधान हो जायेंगे कि

कोयले के धूल से क्या–क्या प्रभाव पढ रहा है, अभी 10 साल हुआ है अभी आगे–आगे देखिये होता है क्या, आप लोग अपना काम करिया जिस–जिस जगह से संयंत्र चल रहा है जो–जो गांव के उपर आप निर्भर है उस–उस गांव के विशेष ध्यान आप दिजिए। गांव के लोगों को स्वास्थ का ध्यान दीजिए। रोजगार तो दीजिए ही दीजिए। हमारे गरीब–गरीब आदमी से मिल लिजिएगा। उन्हे रोजगार दीजियेगा। समर्थन लेकर बेवकूफ मत बनायेगा। जन सुनवाई में तो सब आये थे भैया। थाना चौक से सराईसिंगार के जाते तक दो स्कूल, सरकारी भवन, एक कॉलेज के लिए मोड है गाडिया चलवाईयें आप उसके लिए कुछ व्यवस्था जमाईये। वहां पर आदमी व्यवस्था करिये, स्पीड लिमिट कीजिये, 10 कि.मी., 20 कि.मी. के स्पीड से गाडी चलवाईये। आये दिन दुर्घटना हो रही है। आप सावधानी रखते हुये आप अपना प्लांट चलाईये। कोई आपत्ति नहीं है अगर आप सावधानी नहीं दिखागें, ये जन सुनवाई का कोई जगह नहीं है। न्याय मिलने का स्थान है कोर्ट कानून, वहां पे बकायदा आपके लिए अपील किया जायेगा आपके विरोध में, आपको देख लेंगे भैयाजी अगर आप हमारे मन का नहीं करेंगे। आप अच्छे से काम करिये, हम आपका सहयोग करेंगे। हमारा ध्यान रखना आपका प्रथम कर्तव्य है। इस बात की चेतावनी देते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूॅ।

97. **श्री श्याम लाल, ग्राम–बलौदा** :– मेरा कोल वॉशरी में किनारे में मेरा 4 एकड जमीन है। 4 एकड जमीन में काला ही काला दिखाई देगा। अभी फसल भी नहीं पके है। हमारा बाल–बच्चा काम कर परिवार पालते है और हम लोग मजदूरी करते है। हो रहा है, हम लोग रात–दिन मजदूरी करते है। आपत्ति डालता हूॅ।

98. **श्री नारंग, ग्राम–खडगाबहरा** :– मैं पूर्ण विरोध करता हूॅ। मेरा धान काला है, धान को मंडी ले जाते है तो धान को मंडी वाला नहीं लेता है, कहता है तुम्हारा धान काला है। मेरा खेत कोल वॉशरी के पास लगा हुआ है। इसका मैं पूर्ण विरोध करता हूॅ।

99. **श्री संन्तुलू साण्डेय, ग्राम–बिरगहनी (ब) सरपंच** :– हर एक व्यक्ति का एक शब्द एकदम सत्य है। धान में काला पडना, पर्यावरण का ध्यान नहीं देना, ये सत्य है महोदय है। मैं देखते आ रहा हूॅ। 3.5 साल मेरे कार्यकाल में, मैं समर्थन कर रहा हूॅ, करते आया हूॅ, आगामी भी करूंगा। मेरे को सीएसआर मद का 40 लाख रूपये का काम दिया गया है। आगामी भी मैं उसको सपोट करूंगा, ऐसा नहीं है। हम लोग लोकल आदमी है। जितना बाहरी आदमी का समर्थन किया जाता है उतना हम लोग लोकल आदमी का भी समर्थन किया जाना चाहिए सर। हम लोग भी पढे–लिखे हुए है। हमारे पास भी लडके अच्छे–अच्छे योग्यता रखे पढे बैठे है। हम लोग

जमीन देते है कि हमारे यहां, प्लांट खुले, हमारे यहां ताकि हम लोग का बेरोजगारी दूर होये। ऐसा नहीं हो रहा है सर इसमें विशेष ध्यान दीजीए। मैं विरोध नहीं करना चाह रहा हूॅ। ये बोलना चाह रहा हूॅ सर प्लांट खुले। ग्राम पंचायत बिरगहनी का 80 प्रतिशत मेरे लडके यहां काम करते है। मैं समर्थन कर रहा हूॅ। मेरे गांव बिरगहनी (ब) में हर 15 दिन में मेडिकल चेकअप कराया जाये। मेरे ग्राम पंचायत में 3000 से 3500 जनसंख्या है। हिन्द वॉशरी मेरे गांव में लगा हुआ है, बिरगहनी (ब) में लगा हुआ है। मैं समर्थन कर रहा हूॅ सर, गर्मी समय मैं बोलता हूॅ जी.एम. को पानी डलवाये। मेरे बात को एगनोर किया जाता है। हम पानी डलवा रहे है। खडगा बहरा में एक लडका एक्सीडेंट हो गया। वहां स्पॉट में मृत्यु हो गया, हम जनता लोग गये थे वहां पर, शासन प्रशासन हम लोग को एफ.आई.आर. करके हम लोग को अंदर कर दिये। ऐसा नहीं होना चाहिए सर, पहले बात को समझो। वहां पर क्या हो रहा है, नहीं हो रहा है, तकलीफ हम लोग सह रहे है। हम लोग ऐसे बडे–बडे समस्या है, जो कोई समाधान नहीं है। नौकरी दे दिये, 4500 रूपये का क्या चलेगा। 4500 रूपया केवल 3500 रूपया केवल 150 रूपया रोजी दिया जाता है क्या होगा सर, हम लोग स्कूल का ड्रेस नहीं ले पा रहे है। हिन्द वॉशरी का जन सुनवाई हो रहा है। आपका कोई विरोध नहीं होने वाला नहीं है सर, आप से हमारे हक को मांग रहे है। आप हमारा सुनो, हमारा सहयोग करो। हम यहां समर्थन कर रहे है सर, मेरा गांव में जो भी मांग था, उसको पूरा किया जाये। मेरा गांव बिरगहनी (ब) इतना पिछड़ा वर्ग है। आज तक वहां पर सीसी रोड नहीं बना है। मैं हिन्द वॉशरी से यही कहना चाह रहा हूॅ मैं समर्थन करता हूॅ। कुछ–कुछ ग्राम पंचायत बिरगहनी (ब) में सीसी रोड का काम है, और कुछ–कुछ अहाता निर्माण का कार्य है। उसको पूरा करने की प्रदान करें।

**100. श्री शैलेन्द्र पाण्डेय, ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ जिले का अध्यक्ष** :– मैं 31 साल से इस सेवा में लगा हुआ हूॅ। वॉशरियां कई खुली है वॉशरियों की स्थिति है। मजदूरो को 5000, 6000, 7000 और बीमार है तो पेमैन्ट काट दी जाती है। रेनकोट नहीं मिलता, ये वॉशरी को छोड अन्य वॉशरी में, एक जूता नही दे पाते, एक हेलमेंट नहीं दे पाते, एक रेन कोट नहीं दे पाते है। आज ये कोल वॉशरी खुली है मैं मजदूरो से कांट्रेक्ट में हूॅ। मजदूर बताते है और कोल वॉशरी से ज्यादा बेहतर कह रहा है, उनसे अच्छा है। क्षमता बढ जाती है। रायल्टी की राशि ढाई गुना बढ जायेगी। सीएसआर की राशि भी ढाई गुना बढ जायेगा। हमारे क्षेत्र को मिलेगी, अन्य कोल वॉशरी की तुलना इस कोल वॉशरी के तुलना करेंगे तो नकल निकाल लीजिए। सीएसआर मद में कितनी राशि जारी की गई है। चव्वनी नहीं पायेंगे, 25 प्रतिशत उनकी है और 75 प्रतिशत राशि इस कोल वॉशरी की है, सबसे सर्वाधिक राशि देने वाला प्लांट ये हिन्द कोल वॉशरी है, सबसे चलने वाला कोल वॉशरी हिन्द कोल

वॉशरी है। अभी कोई भाई बता रहे थे कि हमें 40 लाख का काम दिया। स्कूल भवन के लिए 4 लाख की राशि प्राप्त। सर्वाधिक रायल्टी और सर्वाधिक सीएसआर राशि में देने वाला कोई प्लांट है, हिन्द कोल वॉशरी है। अपने वर्कर लोग के लिए बरसात में अलग जूता, गर्मी में अलग जूता, रेनकोट मिलता है। हम लोग समर्थन करेंगे, मजदूर साथी लोग। गरीब लोग आपका समर्थन करेंगे, आपका। हम अन्याय बर्दास्त नहीं करते है। कुछ किसानो के धान खराब हो रही है। बंद कीजिए स्कूल, अस्पताल का काम सरकार बनायेगी। सीएसआर मद का जो पैसा है। इनको अधिकार मिले मैनेजमेंट को, कोई गरीब है धान खराब हो गया उसको सहायता राशि मिले। टीवी की बीमारी वाला है, कैंसर वाला है, भिलाई गांव में कई लोग बीमार है, बीमार को सहायता राशि दीजिए। बीमारी से ग्रसित है तो इन्हे कंपनी वाले सहायता राशि तत्काल उनको उपलब्ध करायेंगे। मैं नहीं चाहता कि सीएसआर की राशि को आप कलेक्ट्रेट में जमा कर दें। क्षमता बढ जाने से लोगों को रोजगार मिलेगा। मैं पुनः धन्यवाद दूंगा ये कंपनी को जो लोगों को रोजी–रोजगार दिया है। बहुत इमानदारी से अपनी सीएसआर की राशि, अपनी रायल्टी की राशि शो कर रहे है। तीन–चार गुना राशि आपकी है। मैं सही बात का समर्थन करता हूॅ। आप लोगों ने क्षमता बढाने के समर्थन दिया है।

101. **श्री यज्ञ कुमार साहू, ग्राम–महुदा** :– बेराजगार है हम, आज एक्सीडेंट हो गया, खडगाबहरा के पास, मैं चाहता हूॅ, वहां पर एक चौक बनाया जाये। हम भी युवा वर्ग है। आगे बढकर कुछ करना चाहते है। हमारी अचानक मृत्यु हो जायेगा तो, हमारे परिवार का क्या होगा साहब। थोडा ध्यान दिजियेगा। मैं चाहता हूॅ कोल वॉशरी के किनारे बहुत सारा वृक्ष लगे, साथ ही पैसो से पेट भरा नहीं जाता, अनाजो से पेट भरता है, हवाओं से पेट भरता है। प्रदूषण रहेगा, वातावरण तो, कैसे हम अपना पेट भरेंगे। पेड–पौधे ही नहीं रहेंगे, तो कार्बनडाई आक्साईड को कौन ग्रहण करेगा। हमको कौन स्वच्छ आक्सीजन देगा। पेड़–पौधा लगाऍ। हमारे ग्राम पंचायत महुदा का प्रायमरी स्कूल से लेकर हाईस्कूल है, अच्छी रोड़ है, अच्छी–अच्छी जगह है, यहां बेरोजगार भी है, तो हमारी बेरोजगारी को भी देखें, रोड तो बना देते है। साहब रोड बनाने के लिए पैसा दे देते है, विकास करने के लिए पैसा दे देते है। रोड तो बन जाता है। रोड के बीच में झोपडी है, बहुत गंदा लगता है साहब, रोड का पानी घरो में आ जाता है। कोयला हमारा है, जमीन हमारा है, नौकरी किसी दूसरे बिहारी लोग कर रहे है, बाहर से आया हुआ आदमी, वही चौकीदार है, वहीं जीएम है, वहीं कंपनी का सुपरवाईजर है, वही सब कुछ है। ये छत्तीसगढ के लोग जाते है तो वो मजदूर के रूप में काम करते है। हमको न्याय चाहिए। हमको पर्यावरण का सुरक्षा भी होना चाहिए। ये सबको ध्यान में रखते हुए आप अपना कारखाना को बढा सकते है, साथ ही बेरोजगार लोगों को रोजगार दे।

लोकल लोगों को ही काम में रखे, अनिवार्य रूप से क्योंकि हम लोगों को बहुत बेरोजगारी का सामना करना पढ रहा  है सर, इसलिए हम लोगों को रोजगार दे। साथ ही पर्यावरण का भी ध्यान रखे। अपनी प्रकृति को बचाने के लिए कोशिश कर रहा हूॅ। मेरे को पर्यावरण बचाने कैसे है मुझे सोचना है साहब, मैं वहां पर जाउ तो पता लगे कि वहां पर वृक्ष लग रहा है। किनारे में देखना चाहता हूॅ वृक्ष क्योंकि कार्बन डाईआक्साई पेड ही लेता है साहब दूसरा और कोई नहीं, हमको आक्सीजन चाहिए खाने के साथ–साथ आक्सीजन हवा चाहिए, कार्बनडाई आक्साईड नहीं। मेरे बातो को सुनकर विशेष पर्यावरण पर ध्यान दे। मैं आपकी कंपनी के लिए अच्छी विस्तार के लिए मैं प्रार्थना करता हूॅ भगवान से, आपकी कंपनी आगे अच्छा चले। साथ ही लोगों को रोजगार दे मैं समर्थन देता हूॅ। इस कंपनी के लिए।

102. **श्री प्रकाश गुप्ता, ग्राम–बलौदा** :– क्लीन कोल वॉशरी के लिए मैं समर्थन करता हूॅ। विभिन्न नगर पंचायत क्षेत्र को मिलते है, जैसे अभी–अभी लगभग 20 लाख की राशि सीएसआर मद से नगर पंचायत को मिली है। इण्डोर स्टेडियम व विभिन्न प्रकार के मद छोटे–छोटे मिलते रहते है। भविष्य में भी 25 लाख सीएसआर मद की राशि नगर पंचायत को देने के लिए वादा किया गया है। मेरे सहपाठी दोस्त है 8 से 10 लोगों को रोजगार मिलता है। इसलिए मैं इस कोल वॉशरी के विस्तार के लिए, मैं समर्थन करता हूॅ।

103. **श्री अभिषेक मिश्रा, आम आदमी पार्टी** :– हम कई जन सुनवाई में जाते है, लेकिन जिस तरह से इस जन सुनवाई को आयोजित किया गया है, पता नहीं कितने लोगों को मालूम है कि नहीं यहां जन सुनवाई हो रही है कि नहीं। हम लोगों को कही से सूचना मिली की यहां पर जन सुनवाई है। चलो हमको मालूम नहीं चला लेकिन हमारे पार्टी के साथियों को भी नहीं पता चला। हमको आधा घंटा पहले पता चला कि जन सुनवाई हो रही है। ये गुपचुप तरीके से ये जन सुनवाई कराई जा रही है। मैं इस जन सुनवाई का विरोध करता हूॅ। हमको यहां कोल वॉशरी जो लग रहा है एक्स्ट्रेंशन इसकी जरूवत क्या है। इस कोल वॉशरी के लगने से क्या फायदा है। 4–5 कोल वॉशरी चल रही है। इस कोल वॉशरी से सिवाए नुकसान के अलावा फायदा है ही नहीं। रात–दिन 24 घंटा जिनका घर सड़क किनारे है गाड़ियो की फोर्स से उनको नींद नहीं पढ रही है। सड़को के हालात ऐसे है हमारे देश के पैसो से सडक बनती है और गाडी उद्योगपतियों की चलती है। हमारे चलने के लिए सड़क नहीं है यहां। हमारे बच्चे ट्रक के नीचे आ–के दब के मरते है। उद्योगपतियों के चलते है यहां कि हमारे बच्चे चलते है। अकलतरा–बलौदा रोड जाके देखो रोड का क्या हालात है। चलने के लिए रोड नहीं है। पहले स्ट्रक्चर तो डेव्हलप करो। उसके बाद ही वॉशरी की बात करना। स्ट्रक्चर तो कुछ है ही नहीं

बात करते है सीएसआर की। आप प्राईवेट स्कूल बताओ जिसमें गांव के बच्चे आकर पढते है। जिसमें 10 बच्चे जाकर पढते हो। आप उनके लिए स्कूल नहीं खोल सकते। सीएसआर की बात करते है पांचवी तक का स्कूल खोल लो। 10–20 का अस्पताल खोल लो। जहां प्रायमरी चिकित्सा मिल सके लोगों को। उसके बाद वॉशरी की एक्सट्रेंशन की बात करना। जिन शर्तो पर वॉशरी की स्थापना हुई थी। उन शर्तो का पालन होना चाहिए। इसके पहले वॉशरी स्थापित हुई थी उस समय कुछ न कुछ शर्तो में जिन कंडीशन पर वॉशरी की स्थापना हुई थी। जिस शर्तो में स्थापना हुई थी उसका पालन हुआ है। कही पे कोई नियम कानून नहीं है। नियम कानून किसके लिए है। गरीब मजदूर के लिए नियम है। इस वॉशरी के लगने से यहां के लोगों को कुछ नहीं मिलना है। ये सिर्फ यहां पर आके पैसा कमायेंगे और पैसा कमा के निकल जायेंगे। यहां शोषण के अलावा कुछ नहीं है। आज की इस जन सुनवाई को रदद् किया जाये। 12 तक कक्षा सीबीएससी स्कूल नहीं बनवाते, जब तक यहां पर 10–20 बेड का अस्पताल यहां पर नहीं बनवाते। जब तक यहां जन सुनवाई नहीं होना चाहिए। हम सहमत देंगें। आज मैं किसके लिए बोल रहा हॅू। मैं लोगों के लिए बोल रहा हॅू। मेरे दिल की बात रखूंगा। वहां पर सीएसआर मद से अच्छा स्कूल बना है। कुछ नहीं है यहां। ये जन सुनवाई का विरोध करते है। जिस तरीके से जन सुनवाई की गई। जिस तरीके से अन्य नियमों का उल्लंघन किया गया है, तो हम ये चाहते है जब तक ये प्लांट की पूर्व शर्तो का पालन नहीं होगा। एक अच्छा स्कूल नहीं बनाता है। जब तक के 10–20 बेड का सीएसआर का अस्पताल नहीं बनवाता है। तब तक इस जन सुनवाई को कैंसल किया जाये। 4 या 6 महीने बाद दोबारा जन सुनवाई रखेंगे। हम निश्चित रूप से आपका समर्थन करने जरूर आयेगें।

104. **श्री शंभू पटेल, ग्राम–चारपारा** :– मेरे जमीन का अधिग्रहण किया गया, जिसकी आज तक मुआवजा नहीं मिला, फसल भी नहीं होता। अतः मेरे समस्या के संबंध में विशेष ध्यान देवें।

105. **श्री उपाध्याय, ग्राम–बलौदा** :– हिन्द वॉशरी का पूर्ण समर्थन करता हॅू। विकास होगा, क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा।

106. **श्री रमाकांत साहू, ग्राम–जांजगीर–चांपा** :– हमर विरोध करे मा भी कोल वॉशरी ला खुलना है, क्षमता विस्तार तो होना है, हमर विरोध करे के कोई मतलब नहीं हे, ऐखर वजह से हम समर्थन करबो। हमर क्षेत्र के युवा बेरोजगार ग्रामीण ला रोजगार देवे, हे हमर ग्राम पंचायत मा, सीएसआर मद मा, राशि स्वीकृति करें। जो हमर क्षेत्र

ग्राम पंचायत आथे। वो सरपंच भाई मन ला विकास कार्य के राशि स्वीकृत करें। वॉशरी ला क्षमता विस्तार बर पूर्ण समर्थन करत हव।

107. **श्री रमेश कुमार गेंदले, ग्राम–बछहा** :– हिन्द वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

108. **श्री दिनेश मिरी, सरपंच** :– मेरा यह सुझाव है वॉशरी वाले को यहां पर जितने भी गाडी चलती है। जहां पर रोड का क्रशिंग होता है वहां रात को गार्ड उपलब्ध किया जाये। एक्सीडेंट होने से बचे। जितने भी रोड के किनारे है उनको वृक्षारोपण किया जाये। सीएसआर मद जैसे स्कूल, आंगन–बाडी, या कुछ भी बनता है सीएसआर मद से दिया जाना चाहिए। मैं हिन्द वॉशरी का समर्थन भी करता हूॅ। जितने भी हमारे जांजगीर जिले के है बलौदा ब्लॉक के उनको रोजगार उपलब्ध कराया जाये।

109. **श्री सिकंदर लाल कुंभकार, ग्राम–बलौदा** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। मैं 14 साल से दर–दर भटक रहा हूॅ। कही पर मुझे नौकरी नहीं मिल पा रहा है नौकरी, महावीर भी नहीं दिया। कम से कम मेरे को रोजी–रोजगार मिले। यही आशा करता हूॅ और इनका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ।

110. **श्री संतोष कुमार गेंदले** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

111. **श्री राजकुमार गेंदले** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

112. **श्री योगेश कुमार खाण्डे, ग्राम–बिरगहनी** :– चूंकि मेरे गांव में आपके हिन्द का कंपनी लगा हुआ है, मुझे काम में पहले रखा था, दो महीने, मैं वहां काम भी किया हूॅ, काम किया हूॅ मेरे को दो महीने बाद निकाल दिया गया। चूंकि मेरा जमीन लगा हुआ है। हम गांव वाले उसके धूल, धूल–धक्कड खाते है ये बाहर वाले के लोगों को रोजगार देता है, इसके पहले मेरे जमीन में धान नहीं हो रहा था, तो मेरे को मुआवजा के लिए 3500 रूपया दिया था। आधा एकड में मुआवजा के लिए कितना रूपया दिया जाता है। इसका मैं विरोध करता हूॅ, हिन्द कंपनी को, जिसके गांव में जमीन लगा हुआ है वही पे फैक्ट्री डाल के बैठे है। चोर बोलते है, पूरे बिरगहनी को बताईये अगर काम नहीं देंगे तो क्या करेंगे गांव वाले। बेरोजगार लोग हम लोग क्या करेंगे। पढे–लिखे हम लोग बेरोजगार घूम रहे है। क्या मतलब का है डिग्री। मेरा नाम चल रहा है मेरे को काम से निकाला जा रहा है। अगर जाता हूॅ तो। आये हिन्द वॉशरी से बताये क्यो निकाला गया है। बस यही बात मैं बोलना चाहता हूॅ अपने तरफ से।

**113. श्री रमाशंकर गेंदेल** :– मैं हिन्द वॉशरी में काम कर रहा हूॅ सहायता दूंगा।

**114. श्री रमन कुमार खूंटे** :– मैं हिन्द कोल वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

**115. श्री राधेश्याम, ग्राम–बसहा :–** मैं हिन्द कोल वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

**116. रंजीत कुमार गेंदले, ग्राम–बसहा** :– मैं हिन्द वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

**117. श्री अशोक कुमार प्रजापति, ग्राम–कवर्धा** :– समर्थन।

**118. श्री सूरज प्रताप सांडे** :– कोल वॉशरी को विरोध करता हूॅ। यहां के जनता के लिए, यहां के बेरोजगारो के लिए, आप अच्छे स्कूल बनाओ, आप अच्छे अस्पताल बनाओं, आप अच्छे कोचिंग सेंटर बनाओ, यहां के बेरोजगारो के लिए नौकरी दो, लेकिन यहां पर कोल वॉशरी यहां नहीं बनाना चाहिए। मैं यहां कोल वॉशरी के लिए विरोध करता हूॅ। क्योंकि कोल वॉशरी के कारण उपजाउ भूमि, नष्ट हो जायेगा। 2–4 साल के लिए तो बढिया रहेगा। उसके बाद न तो खाने के लिए, अच्छा भोजन मिलेगा, इसलिए मैं कोल वॉशरी को विरोध करता हूॅ।

**119. श्री रमानंद गेंदेल, ग्राम–बसहा** :– कोल वॉशरी को आगे बढ़ने के लिए सहमत हूॅ।

**120. श्री सुभाष कुंभकार, ग्राम–बलौदा** :– मैं महावीर कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ खुलना चाहिए। सभी को रोजगार मिलना चाहिए।

**121. श्री रामराज कुर्रे, आम आदमी पार्टी** :– मैं इस कोल वॉशरी का विरोध करता हूॅ। इस कोल वॉशरी खुलने से जनता को क्या फायदा होगा, क्या फायदा जनता को होगा, इस कोल वॉशरी के धूल से टीवी ग्रसित होंगे, दमा ग्रसित होंगे, पीलिया होगा, टाईफाईड होंगे। इस कोल वॉशरी के धूल को 500 ग्राम खाना होगा, ये फायदा होगा। ये कोल वॉशरी वाले ये बताये। सबसे पहले कोल वॉशरी खोलने के पहले इस गांव में हास्पिटल खोलवाए, हाई–स्कूल, प्रायमरी मिडिल–स्कूल खोलवाए । तब ये कोल वॉशरी खोल सकते है। प्रदूषण के बचने के लिए, पेड़ लगाये, तब ये कोल वॉशरी खोल सकते है। इस कोल वॉशरी का पूर्ण रूप से मैं विरोध करना चाहता हूॅ और नहीं खुलना चाहिए।

**122. महिला जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी** :– मैं कोल वॉशरी का विरोध करती हूॅ। मेरी पार्टी विरोध करती है, ये कोल वॉशरी का। यहां जितना प्रदूषण होगा और यहां

जितना एक्सीडेंट होगा। समस्या गांव में बढ जायेगी। क्योंकि हम लोग बाहर के है, आकर बोल के चले जायेंगे। लेकिन जो समस्या है, वो गांव वाले को ही जुझना पडता है, गांव वालो को रोजगार देंगे बोला जाता है, गांव वालो को कम पढे–लिखे हो कुछ नहीं करते हो कहकर भगा दिया जाता है। ऐसे–ऐसे कई कोल वॉशरी खुले है, बाहरी जितने भी मिले है, लाकर भर दिया जाता है। छत्तीसगढ के ग्रामीणों को अपमानित करते है, आप लोग कम पढे–लिखे हो कहकर के। गांव वाले से कहना चाहती हूॅ अगर बाहर से कोई लाते है, तो विरोध करियेगा, इसका आप लोग काम करियेगा। आप लोग अच्छे से काम नहीं करेंगे तो मैं इसका विरोध करूंगी। हमारी पार्टी करेगी और हमेशा करेगी।

123. **श्री राम कृष्ण कश्यप, ग्राम–अकलतरा, आम आदमी पार्टी** :– कोल वॉशरी खोलना चाह रहे है। लेकिन स्कूल, अस्पताल, क्यो खोलना नहीं चाह रहे है। क्योंकि इस क्षेत्र की जनता को रोजगार देने में असपफल है हम लोग। आम आदमी पार्टी इसका कडा विरोध करती है। जनता को इसका पता नहीं की, यहां जन सुनवाई हो रहा है, क्या मतलब है। हम लोग इसका कडा विरोध करते है। आम आदमी पार्टी जांजगीर–चांपा इसका कडा विरोध करती है। ज्यादा से ज्यादा यहां के क्षेत्र के लोगों को धूल मिल रहा है। बीमार पड रहे है कोल वॉशरी से लेकिन यहां की जनता को फायदा क्या हो रहा है। कुछ भी नहीं। हम लोग इसका कडा विरोध करते है, और आगे भी इसका विरोध करते रहेंगे, कोल वॉशररी नहीं खुलना चाहिए, इसके लिए हम लोग लगातार आंदोलन करते रहेगें।

124. **श्री  कृपा शंकर यादव, ग्राम–कोरबी, आम आदमी पार्टी** :– साथियों मैं आप मन से पूछना चाहत हव कि ये जन सुनवाई क्या है। ये कोई नया जन सुनवाई नही है। बिरगहनी मा होवत रहीस हे, कटरा मा होवत रहीस हे, अमलीपाली मा होवत रहीस हे, अमरताल मा होवत रहीस हे और अभी महुदा (ब) मा होवत रहीस हे। ये क्या चीज हे। मैं पूछना चाहत हव की जन सुनवाई क्या चीज हे। हमन हर जन सुनवाई मा जाथन। मैं इस जन सुनवाई का विरोध करत हव। मैं कोरबी गांव के आदमी हव। सीएसआर मद तो हमर अधिकार हे। ओला हमला देहे, ला पढही, ओला कहे के जरवत नहीं है। प्लांट खुले है सीएसआर मा दिये ला पढही। सीएसआर मद के पैसा ला गांव मा खर्चा होना चाहिए, न तो शिक्षा के प्रति ध्यान, न स्वास्थ्य के प्रति ध्यान, कभी कोल वॉशरी हा शिक्षा के प्रति ध्यान दिये हे, बतावा आप मन स्वास्थ के प्रति ध्यान दिये हे। सिर्फ यहां पर आवा विरोध करा, समर्थन करा, कुछू भी करा। जोन होना हे ओ तो होही। ये जन सुनवाई नही, ये भडाई निकाल संस्था हे। भडास निकाल योजना हे। भडास निकाल के चल देवा। हमन आम आदमी पार्टी ऐंखर पुरजोर विरोध करत हे। ये जन सुनवाई नई होही जब तक हमर क्षेत्र के पूरा

जनता मन नई आ जाही। पूरे क्षेत्र के जनता ला गांव–गांव मुनादी करथे। सोच समझ के करा, जनता के हित मे करा और ये जन सुनवाई ला आज स्थगित करा। यही हमर मांग हे।

125. **श्री ललित कुमार बघेल, आम आदमी पार्टी** :– हिन्द कोल वॉशरी का जन सुनवाई के पुरजोर विरोध करत हव। विरोध के कारण, ये जन सुनवाई ला, कोई फायदा नहीं मिली। सिर्फ प्रदूषित पानी मिलही, बीमारी होही। पूंजीपति ला फायदा होही। कोल वॉशरी लगे हे, ये जन सुनवाई के पुरजोर विरोध करत हव।

126. **श्री राजकुमार रजक, ग्राम–बलौदा** :– आज बलौदा में कोल वॉशरी की क्षमता बढाया जा रहा है। क्योंकि बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा। नगर में विकास होगा।

127. **श्रीमती चंद्रभागा , ग्राम–महुदा** :– समर्थन है।

128. **श्रीमती कली बाई** :– समर्थन है।

129. **श्री विष्णु कांत** :– इस कोल वॉशरी का सहमत करता हूॅ।

130. **जन समुदाय में से किसी व्यक्ति ने कहा** :– फैक्ट्री चलना चाहिए।

131. **जन समुदाय में से किसी व्यक्ति ने कहा** :– समर्थन चाहिए।

132. **श्री महेन्द्रगिरी, ग्राम–चारपारा उपसरपंच** :– मैं एक्सट्रेंशन का समर्थन करता हूॅ। मेरे गांव से रोजगार के लिए, वॉशरी आ रहे हे। बहुत लोग ऐसे है जिनको रोजगार में लिया जाना है। बोल रहे थे कि किसी को फायदा नहीं हो रहा है। मेरे गांव में जिम खुलने वाला है और सीएसआर मद से पूरे स्कूल का बाउंड्री होने वाला है। तो मैं समर्थन करता हूॅ।

133. **श्री जीवन सिंह यादव, प्रदेश सचिव** :– कोल वॉशरी का क्षमता बढाने के लिए, मैं समर्थन करता हूॅ।

134. **श्री विष्णुकांत सोनी** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड का जो क्षमता विस्तार हो रहा है, उसका पूर्ण समर्थन करता हूॅ, कोल वॉशरी आगे बढे, हमारा बलौदा का सीएसआर मद का काम हो।

135. **श्री अनुराग कुमार मधुकर, ग्राम–कोतमी सुनार** :– कोल वॉशरी खुलत हे, आप मन क्या फायदा हे, आप मन ला, कुछू फायदा हवय क्या, ये फायदा बार, आप मन ला, क्या करे पढही, ऐमा रोक लगावा, कोल वॉशरी चाहिए। एक महिला काम कराही, फिर बाहर कर देही। बाहर के आदमी ला लाकर रखही। ऐतका कन प्रदूषण ला आप मन खाहा, सिर्फ बीमारी। दाई–दीदी मन ला रोजगार देवा। ये जरूरी हे इमन ला पेंशन देवा, घर बैठे। कोल वॉशरी के कोई जरूरत नहीं है यहां, कोन महिला ला शिक्षा देवत हे क्या। ऐमन ला काम मिलना चाहिए। मैं ये कोल वॉशरी का विरोध करत हव।

136. **श्री समीमउल्ला खान, ग्राम–बलौदा** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। लेकिन हमारे बहुत लोग बेराजगार है, उनको रोजी दिया जाये वहां से।

137. **श्री जलेश्वर पटेल, ग्राम–महुदा (ब)** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

138. **श्री राज यादव, ग्राम–बलौदा** :– मैं कोल वॉशरी को समर्थन करता हूॅ।

139. **श्री नजीर अहमद कुरैशी, ग्राम–बलौदा** :– रेडियंट कोल का जो विस्तार हो रहा है, उसका मैं समर्थन करता हूॅ, नगर पंचायत बलौदा को सीएसआर मद की राशि का पैसा देना का अग्रह करता हूॅ।

140. **जन समुदाय में से किसी व्यक्ति ने कहा** :– रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड ये बलौदा में कहां पर स्थापित है, ये कोल वॉशरी कहां पर स्थापित है, हमने अभी तक नहीं सुना है, इसका नाम रेडियंट कोल बेनिफिकेशन वहां पर भी सुना था। ये कोल वॉशरी पहले खुली ही नही, तो इसका विस्तार कैसे हो रहा है। इस कोलवॉशरी का विस्तार हो रहा था, तो इसकी परियोजना सार जारी की जाती है। परियोजना सार आम जनमानस के पहले लिए लगाया जाता है। वो यहां किसी भी कार्यालय आदि ग्राम पंचायत जगह पर नहीं रखी। बलौदा के निवासी यहां पर मुश्किल से केवल 5 प्रतिशत ही होंगे। जितने भी आये हुए है, सब पेड वर्कर है। बलौदा के लोगों को जानकारी ही नहीं है। जन सुनवाई यहां के लिए क्या मतलब रखता है, क्या मायने रखता है, पहले परियोजना सार प्रस्तुत की जाये, हमारे समक्ष। परियोजना सार लागू ही नहीं हुआ है, परियोजना सार कहां है, तो फिर जनसुनवाई कैसे होगी। आप यहां 4 महीने साल भर ही निवास करेंगे। हमको निवास करना है पूरे जीवन भर। ये गंदगी, धूल, प्रदूषण हमें ही झेलना है। जरूरी नहीं है, कि रेडियंट कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड यहां खुले। जरूरी नहीं यहां पर 4–4 कोल वॉशरियां संचालित है। महुदा ग्राम में खोली जाये, मैं इसका

समर्थन करता हूॅ। चारपारा के बाहर खोली जाये। इसका मैं समर्थन करता हूॅ। आज हम इतना प्रदूषण से जूझ रहे है, पानी की समस्या से जूझ रहे है, हिन्द एनर्जी कोल वॉशरी में कितने लीटर पानी का दोहन होता है, ये सूचना के द्वारा मांगी गई थी, जानकारी अभी तक अप्राप्त है, प्रत्येक लोग ने बोला सीएसआर मद का उपयोग हो रहा है। सीएसआर मद का उपयोग यहां नहीं, जिले में उपयोग होता है। जिले में आबंटित होती है राशि। जिले वाले जहां जरूरत होती है उसे खर्च करते है। जिले के आला अधिकारी जानकारी देते है। पहले परियोजना सार प्रस्तुत की जाये। जन सुनवाई का कार्यवाही आगे करेंगे। पहले परियोजना सार प्रस्तुत किया जाये। यह जन सुनवाई अवैध, अनुचित है, इसका हम समर्थन नहीं करते है।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अपर कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 1:30 बजे अपर कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 272 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 140 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 300 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 139 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**क्षेत्रीय कार्यालय,**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अपर कलेक्टर,**
**कार्यालय कलेक्टर,**
जिला–जांजगीर–चांपा